दिन– गुरुवार दिनांक– 18 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण, जी–राम–जी– विधेयक दो हजार पच्चीस ध्वनिमत से पारित किया।

02. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की चेतावनी– दाखिल खारिज समेत भूमि संबंधी कार्यों में फर्जीवाड़ा करने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा।

03. गोपालगंज के प्रसिद्ध सिद्धपीठ थावे मंदिर में चोरी के मामले में टीओपी प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित।

04. और, कड़ाके की ठंड के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में जनजीवन प्रभावित। घने कोहरे से सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी असर।

---

लोकसभा ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण, जी–राम–जी– विधेयक दो हजार पच्चीस आज ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में इसकी घोषणा की।

–––एम्बियंस–––

ये विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। इसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में एक सौ पच्चीस दिन काम की गारंटी का प्रावधान किया गया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट––––

इस विधेयक का मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांव का समग्र विकास करना है। गांव में हुए सामाजिक आर्थिक बदलावों को देखते हुए केंद्र सरकार विकसित भारत जी राम जी विधेयक लेकर आई है। नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी बेहतर मजदूरी और सुरक्षा प्रदान करना है। मनरेगा के तहत फिलहाल एक वित्त वर्ष में 100 दिन के काम की गारंटी दी जाती है, वहीं नए विधेयक में हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा। यह विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास की गति को ओर बढावा देगा। साथ ही रोजगार के अधिक अवसर प्रदान कर ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाएगा। यदि 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो विधायक में बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

———बाईट———

हम पैसा बचाना नहीं चाहते, हम रोजगार देना चाहते हैं। गांव को विकसित बनाना चाहते हैं। इसके इसी साल बजट में प्रस्तावित है 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपया, और ये रुपया कहां जाएगा ये मजदूरों को मजदूरी के लिए भी जाएगा, ये गांव के विकास के लिए भी जाएगा। अकेले भारत सरकार 95 हजार छह सौ करोड़ रूपया खर्चा करेगी।

---

केन्द्रीय मंत्री और लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक लोकसभा में पारित किये जाने पर प्रसन्नता जतायी है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप देश के गांवों को मजबूत बनाने की सोच के साथ ये योजना लाई गयी है।

———बाईट———

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इस विधेयक से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। श्री प्रसाद ने नाम को लेकर कांग्रेस समेत विपक्ष के विरोध को बेहद गैरजिम्मराना बताया है। उन्होंने कहा कि सदन में विपक्षी सदस्यों के आचरन से बेहत पीड़ा हुई है।

———बाईट———

---

गोपालगंज जिले के ऐतिहासिक सिद्धपीठ थावे दुर्गा मंदिर में चोरी के मामले में पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुये पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। डीआईजी नीलेश कुमार ने मंदिर टीओपी के प्रभारी धीरज कुमार और गश्ती दल में शामिल पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की है। बीती रात चोरों ने मंदिर के गर्भगृह का ग्रिल काटकर पचास लाख रूपये मूल्य के सोने के मुकुट, हार और छतरी समेत अन्य आभूषण चुरा लिये। इधर, शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक सुनील कुमार ने घटना की जानकारी के बाद मंदिर का दौरा किया और पुलिस प्रशासन से इस मामले में की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह निंदनीय कृत्य है। प्रशासन अपना कार्य कर रहा है और दोषियों को छोड़ा नहीं जायेगा।

———बाईट————

---

उपमुख्यमंत्री सह भूमि सुधार और राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभाग के कर्मियों को चेतावनी देते हुये कहा है कि दाखिल–खारिज समेत भूमि संबंधी सभी मामलों में फर्जीवाड़े के दोषियों को छोड़ा नहीं जायेगा। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि विभागीय काम–काज में फर्जीवाड़े को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

———बाईट————

---

प्रदेश भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने उन्हें दायित्व सौंप दिया। श्री सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि वे सरकार और संगठन के बीच समन्वय का कार्य करेंगे।

———बाईट———

---

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि श्री सरावगी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। उन्हें संगठन, सरकार, विधायी कार्य और लोगों के समस्याओं को सुलझाने का लम्बा अनुभव है।

———बाईट———

---

केन्द्र सरकार ने कहा है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं और वर्तमान में यह देश के 99 दशमलव नौ प्रतिशत जिलों में उपलब्ध है। आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्र शेखर ने बताया कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने देश भर के एक लाख से अधिक गांवों में 5जी बेस ट्रांससीवर स्टेशन स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या में 241 करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर भागों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पश्चिमी भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अचानक तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी है। जिसके कारण वातावरण में कनकनी बढ़ गयी है। इधर, घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान ठंड में और बढ़ोतरी होगी। विभाग ने राज्य के पश्चिमी और मध्य भागों में अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने का रेड अलर्ट भी जारी किया है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने वरीय अधिकारियों के साथ सीएम सुरक्षा की समीक्षा की। जिसके बाद मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढाने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि हिजाब विवाद के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान से मिली धमकी के मामले को गम्भीरता से लेते हुये पटना साइबर थाने में केस भी दर्ज किया गया है। पटना के आईजी इस मामले की जांच कर रहे हैं।

---

बिहार का चंपारण चिकन अब वंदे भारत ट्रेनों में भी उपलब्ध होगा। रेलवे ने वंदे भारत ट्रेनों में क्षेत्रीय व्यंजनों की सेवा शुरू कर दी है। इसके तहत महाराष्ट्र का कंदा पोहा, गुजरात का मेथी थेपला और ओडिशा की आलू फुलकोपी के साथ ही राज्य के इस मशहुर व्यंजन परोसने की व्यवस्था की है। रेल मंत्रालय ने कहा कि आई आर. सी टी सी के सहयोग से शुरू की गई यह पहल भारत की विविध पाक कला का स्वाद सीधे यात्रियों तक पहुंचाएगी।

---

क्रिसमस और नए साल के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए रेलवे नौ जोनों में एक सौ अड़तीस विशेष ट्रेनें चलाएगा। इन ट्रेनों की छह सौ पचास

ट्रिप प्रस्तावित और स्वीकृत की जा चुकी हैं। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अब तक दो सौ चौवालीस ट्रिप अधिसूचित की जा चुकी हैं।

---

हैदराबाद में आयोजित इक्कीसवीं एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के मिश्रित युगल स्पर्धा में भोजपुर के समर्थ कुमार और अंशिका सिंह की जोड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। बिहार की इस जोड़ी ने तीसरे स्थान के लिए हुये मुकाबले में ऑल इंडिया पुलिस टीम को छह–शून्य से हरा दिया।

---

बेगूसराय जिले में हेमरा के वार्ड नंबर बीस से पुलिस ने तीन करोड़ रूपये मूल्य के मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

कटिहार जिले के प्राणपुर थाना में पदस्थापित एसआई पुष्पेंद्र कुमार को जमीन विवाद मामले में रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने इस संबंध में वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुये यह कार्रवाई की है।

दरभंगा जिले के नेहरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेहरा गांव के पास कोहरे के कारण एक कार अनियंत्रित होकर नहर में पलट गयी। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी।

अररिया के अवर निबंधन पदाधिकारी ने निबंधन कार्यालय के रिकॉर्ड रूम से जमीन के मूल दस्तावेज गायब कर फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में दो कर्मचारियों सहित दस लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चौबीस सौ लीटर स्प्रिट जब्त की है। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज नगर विकास एंव आवास विभाग का पदभार भी संभाल लिया। श्री सिन्हा के पास दो विभाग की जिम्मेदारी पहले से थी। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नितिन नबीन के इस्तीफे के बाद यह पद खाली हो गया था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. लोकसभा ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण, जी–राम–जी– विधेयक दो हजार पच्चीस ध्वनिमत से पारित किया।

02. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की चेतावनी– दाखिल खारिज समेत भूमि संबंधी कार्यों में फर्जीवाड़ा करने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा।

03. गोपालगंज के प्रसिद्ध सिद्धपीठ थावे मंदिर में चोरी के मामले में टीओपी प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित।

04. और, कड़ाके की ठंड के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में जनजीवन प्रभावित। घने कोहरे से सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी असर।

---

समाप्त